# B.Com/B.Sc. (Part-I) EXAMINATION, 2015

UOKonline.com

## (Compulsory Paper)

## GENERAL HINDI (सामान्य हिन्दी)

**Time Allowed : Three Hours** **Maximum Marks : 100**

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1 (क) निम्नलिखित पद्यांश की प्रसंग व्याख्या कीजिए :

जी हाँ, हुजूर मैं गीत बेचता हूँ
मैं तरह-तरह के गीत बेचता हूँ
मैं सभी किसिम के गीत बेचता हूँ
जी माल देखिए, दाम बताऊँगा
बेकाम नहीं है, काम बताऊँगा
कुछ गीत लिखे हैं, मस्ती में मैंने
कुछ गीत लिखे हैं पस्ती में मैंने
जी पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको
पर पीछे-पीछे अकल जगी मुझको
जी लोगों ने तो बेच दिये ईमान
जी आप न हों सुनकर ज्यादा हैरान
मैं सोच-समझकर आखिर अपने गीत बेचता हूँ।

UOKonline.com

अथवा

(क) अमल धवल गिरि के शिखरों पर
बादल को घिरते देखा है।
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है,
बादल को घिरते देखा है।

UOKonline.com

तुंग हिमालय के कंधों पर
छोटी-बड़ी कई झीलें हैं।
उनके श्यामल नील सलिल में
समतल देशों से आ-आकर
पावस की उमस से आकुल
तिक्त मधुर विसतंतु खोजते
हंसों को तिरते देखा है।

UOKonline.com

(ख) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

ठाकुर साहब लड़के का क्रोध शान्त करना चाहते थे, लेकिन यह नहीं स्वीकार करना चाहते थे कि लालबिहारी ने कोई अनुचित काम किया है। इसी बीच में गाँव के और कई सज्जन हुक्के-चिलम के बहाने वहाँ आ बैठे। कई स्त्रियों ने जब यह सुना कि श्रीकंठ पत्नी के पीछे पिता से लड़ने को तैयार है, तो उन्हें बड़ा हर्ष हुआ। दोनों पक्षों की मधुर वाणियाँ सुनने के लिए उनकी आत्माएँ तिलमिलाने लगीं। गाँव में कुछ ऐसे कुटिल मनुष्य भी थे, जो इस कुल की नीतिपूर्ण गति पर मन-ही-मन जलते थे।

UOKonline.com

अथवा

(ख) गेहूँ की दुनिया खत्म होने जा रही है–वह स्थूल दुनिया, जो आर्थिक और राजनीतिक रूप में हम सब पर छायी है। जो आर्थिक रूप में रक्त पीती रही है, राजनीतिक रूप में रक्त की धारा बहाती रही है। अब वह दुनिया आने वाली है जिसे हम गुलाब की दुनिया कहेंगे। गुलाब की दुनिया-मानस का संसार-सांस्कृतिक जगत्। 10

अहा! कैसा वह शुभ दिन होगा जब हम स्थूल शारीरिक आवश्यकताओं की जंजीर तोड़कर सूक्ष्म मानव-जगत् का नया लोक बसाएँगे। जब गेहूँ से हमारा पिण्ड छूट जाएगा और गुलाब की दुनिया में स्वच्छन्द विहार करेंगे।

2. "नर हो न निराश करो मन को" कविता में निहित संदेश को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

'पन्द्रह अगस्त' कविता का मूल स्वर क्या है? कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

3. "राष्ट्र के समग्र रूप में भूमि और जन के साथ-साथ जन की संस्कृति का महत्वपूर्ण स्थान है।" 'राष्ट्र का स्वरूप' निबन्ध के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

UOKonline.com

'नाखून क्यों बढ़ते हैं' निबन्ध में व्यक्त विचारों का उल्लेख कीजिए।

4. निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण करते हुए उचित शीर्षक दीजिए :

राष्ट्र भाषा की आवश्यकता राष्ट्रीय सम्मान की दृष्टि से भी है। अपने को एक ही राष्ट्र के निवासी मानने वाले दो व्यक्ति किसी विदेशी भाषा में बात करें–यह हास्यास्पद असंगति है। दूसरे के सामने हाथ पसारना समृद्धि का नहीं, दरिद्रता का सूचक है। दूसरे की भाषा से

काम चलाना भी बहुत कुछ वैसा ही है। जिसकी अपनी भाषा है, वह दूसरे की भाषा क्यों उधार ले? इससे राष्ट्रीय सम्मान में बट्टा लगता है। विदेशों में भारतीयों को अंग्रेजी में बात करते देखकर वहाँ के निवासी आश्चर्य से पूछ बैठते हैं कि क्या आपकी अपनी कोई भाषा नहीं है? इस प्रश्न का क्या उत्तर दिया जाए? 3+2=5

5. किसी एक का पल्लवन कीजिए : UOKonline.com

हिंसा बुरी चीज़ है, पर दासता उससे भी बुरी है। 5

**अथवा**

सत्ता भ्रष्ट करती है, पूर्ण सत्ता पूर्ण भ्रष्ट करती है।

6. नगरपालिका अध्यक्ष को कॉलोनी में फैली हुई गंदगी तथा बढ़ रहे प्रदूषण की शिकायत करते हुए एक पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

परीक्षा के दिनों में ध्वनि-विस्तारक यन्त्रों पर रोक लगाने की प्रार्थना करते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए।

7. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं दो का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : UOKonline.com

(i) कमर टूटना

(ii) थूक कर चाटना

(iii) दाँत खट्टे करना

(iv) आम के आम गुठलियों के दाम

(v) एक मछली सारे तालाब को गंदा कर देती है। 5

8. किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी समानार्थक शब्द लिखिए :

(i) Action (ii) Arrear

(iii) Conductor (iv) Director

(v) Reimburse (vi) Rehabilitation

(vii) Tarriff 5

9. किन्हीं पाँच शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए :

(i) मध्यान्ह (ii) उपलक्ष

(iii) अन्तर्ध्यान (iv) संग्रहीत

(v) आर्शीवाद (vi) मिष्ठान्न

(vii) निरोग UOKonline.com 5

10. (क) निम्नांकित में से किन्हीं तीन उपसर्गों के दो-दो शब्द लिखिए :

अति, अव, परा, प्रति, नि 2

(ख) निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रत्ययों के दो-दो शब्द लिखिए :

अक्कड़, हार, एरा, ता UOKonline.com 3

11. निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं दो के लिए सार्थक शब्द लिखिए :

(क) जिसने मृत्यु को जीत लिया हो। (ख) जो रात्रि में विचरण करता हो।

(ग) वह पुरुष जिसकी पत्नी मर गयी हो।

(घ) जो किए का उपकार मानता हो। 5

12. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :

(क) महिला सशक्तिकरण (ख) पर्यावरण-प्रदूषण

(ग) इंटरनेट (घ) मेरी प्रिय पुस्तक 10

13. सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रमुख उद्देश्य बताइये।

14. निम्नांकित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिये :

(क) भारत में सूचना का अधिकार अधिनियम कब लागू हुआ?

(अ) 20 अगस्त, 2005 (ब) 26 सितम्बर, 2005

(स) 12 अक्टूबर, 2005 (द) 13 दिसम्बर, 2005

(ख) सूचना का अधिकार प्राप्त है- UOKonline.com

(अ) भारत में रहने वाले सभी लोगों को (ब) भारत के स्वयंसेवी संगठनों को

(स) केवल भारत के नागरिकों को (द) केवल शिक्षित व्यक्तियों को

(ग) भारत के केन्द्रीय सूचना आयोग के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त थे-

(अ) मार्कण्डेय काटजू (ब) वजाहत हबीबुल्लाह

(स) असगर वजाहत (द) अनुग्रह नारायण तिवारी

(घ) लोक सूचना अधिकारी द्वारा सामान्यतः कितने दिनों में आवेदक को सूचना दे देनी चाहिए? UOKonline.com

(अ) 50 दिन में (ब) 40 दिन में

(स) 30 दिन में (द) 20 दिन में

(ङ) सूचना प्रापत करने के अन्तर्गत शामिल है-

(अ) दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करना। (ब) दस्तावेजों, अभिलेखों का निरीक्षण करना।

(स) जाँच की प्रगति जानना। (द) उपर्युक्त सभी। 5

○○○